डाक पंजीयन क्रं. मालवा डिविजन/404/2025-27 RNIMPHI/2022/86763

हिन्दी दैनिक

# संघर्ष से सिद्धि

खबरों के साथ, हर नजरिये की बात

Sanghharshsesiddhi@gmail.com | उज्जैन शनिवार 25 अप्रैल 2026 | वर्ष-04 अंक-259 | पृष्ठ-08, मूल्य-01 रुपये

''स्वदेशी अपनाओ, राष्ट्र को शक्तिशाली बनाओ''

## राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल भाजपा में शामिल, आप से दिया था इस्तीफा

**नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी छोड़ने के बाद राघव चड्ढा समेत तीन सांसद भाजपा दफ्तर पहुंचे और अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की। इस दौरान, नवीन ने लड्डू खिलाकर पार्टी में स्वागत किया।**

आम आदमी पार्टी में शुक्रवार को बड़ी टूट देखने को मिली। दस में से सात राज्यसभा सांसदों ने पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने का ऐलान किया।

इसमें राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल ने भाजपा दफ्तर जाकर पार्टी ज्वाइन भी कर ली है। एक साथ सात सांसदों के पार्टी छोड़ने से अरविंद केजरीवाल को बड़ा झटका लगा है। पार्टी ने इसे गद्दारी बताते हुए राघव समेत अन्य सांसदों पर निशाना साधा है।

दो तिहाई सांसदों के आप छोड़ने की वजह से दलबदल कानून भी लागू नहीं होगा, जिससे इन सभी की सदस्यता भी बच गई है। आम आदमी पार्टी छोड़ने के बाद राघव समेत तीन सांसद भाजपा दफ्तर पहुंचे



और अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की। इस दौरान, नवीन ने लड्डू खिलाकर पार्टी में स्वागत किया। इन तीनों नेताओं के अलावा, हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, राजेंद्र गुप्ता, विक्रमजीत साहनी भी शामिल हैं।

इससे पहले, दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) नेता राघव चड्ढा और संदीप पाठक ने शुक्रवार को ऐलान किया कि वे और आप के पांच अन्य राज्य सभा सदस्य भाजपा में शामिल हो रहे हैं। संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते संदीप पाठक ने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने जा रहे हैं। वहीं, राघव चड्ढा ने कहा कि आप के लगभग दो-तिहाई राज्यसभा सदस्यों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है और वे एक गुट के रूप में भाजपा में शामिल होंगे।

अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप पर निशाना साधते हुए चड्ढा ने कहा कि अब यह पार्टी देश के लिए नहीं, बल्कि अपने फायदे के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा, पिछले कुछ सालों में, मुझे यह अहसास तेजी से हुआ है कि मैं गलत पार्टी में सही इंसान हूं। आज, मैं आप से अलग होने और जनता (आम लोगों) के साथ और ज्यादा करीब से काम करने के अपने फैसले का ऐलान करता हूं।

चड्ढा ने कहा कि पार्टी की बागी नेता स्वाति मालीवाल और हरभजन सिंह समेत कई राज्यसभा सदस्यों ने आम आदमी पार्टी छोड़ दी है। चड्ढा, पाठक और अशोक मित्तल ने दावा किया कि आप के दस में से सात राज्यसभा सदस्यों ने पार्टी छोड़ दी है।

**पंजाब की जनता इन गद्दारों को कभी नहीं भूलेगी**

सात सांसदों के पार्टी छोड़ने पर,क्क ने पलटवार किया है। आप सांसद संजय सिंह ने कहा है कि भाजपा ने पंजाब के सीएम भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप सरकार द्वारा किए गए अच्छे कामों में रुकावट डालने का काम किया है। आप के 7 राज्यसभा सांसद भाजपा में शामिल हो रहे हैं। पंजाब की जनता को इन सात नामों को याद रखना चाहिए। पंजाब की जनता इन्हें कभी नहीं भूलेगी। उन्होंने आगे कहा, पंजाब सरकार पर ऑपरेशन लोटस चलाया जा रहा है। इस ऑपरेशन लोटस को अंजाम देने के लिए ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल किया जा रहा है। पंजाब की जनता इन गद्दारों को कभी नहीं भूलेगी।

## अमित शाह का दावा, भाजपा पश्चिम बंगाल में पहले चरण की 152 में से 110 सीटें जीतेगी

**कोलकाता। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 152 सीटों में से 110 सीटें जीतने का दावा करते हुए कहा है कि दूसरे चरण में भी जोरदार जीत हासिल कर वह राज्य में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है।**

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल विधानसभा के पहले चरण के चुनाव के बाद शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी ने सभी विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ पहले चरण के चुनाव का आकलन किया है और उसमें मिली जानकारी के आधार पर यह कहा जा सकता है कि बंगाल के लोगों ने अपना भविष्य पहले चरण के चुनाव में ही तय कर लिया है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी राज्य में 16 जिलों की 152 सीटों पर हुए चुनाव में से 110 सीटें जीतने जा रही है। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में भी जोरदार जीत के साथ भाजपा पांच मई को राज्य में सरकार बनाने जा रही है। भाजपा नेता ने कहा कि राज्य के



लोगों ने भाजपा के पक्ष में मतदान कर विकास की राह को चुना है। उन्होंने कहा कि राज्य में मतदान के सभी पुराने रिकार्ड टूट गये हैं और यह मतदान राज्य में सत्ता में परिवर्तन के लिए भाजपा के पक्ष में हुआ है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इन आरोपों पर कि भाजपा की सरकार बनने के बाद राज्य में बाहर का व्यक्ति मुख्यमंत्री बनेगा इस पर श्री शाह ने कहा, मुख्यमंत्री बंगाल में ही जन्म लेने वाला, बांग्ला माध्यम से पढने वाला और बांग्ला बोलने वाला होगा लेकिन इतना जरूर है कि वह आपका भतीजा नहीं होगा बल्कि वह भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता होगा। श्री शाह ने राज्य में सरकार बनने पर महिला सुरक्षा पर जोर देने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि जिस राज्य की महिला मुख्यमंत्री यह कहती हो कि सात बजे के बाद महिलाओं को घर से निकलने की जरूरत नहीं है उन्हें शासन करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि वह बंगाल की माता बहनों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि 5 तारीख को भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद रात को एक बजे भी छोटी सी बच्ची या किशोरी स्कूटी लेकर निकलेगी और कोई गुंडा उसके सामने आंख उठाकर नहीं देख सकेगा।

ममता सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के सभी मामलों की उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश के नेतृत्व में जांच करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में मतदान के बंगाल के सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए बंगाल की जनता ने अदभुत उत्साह और जोश के साथ राज्य में परिवर्तन के लिए वोट डाला है। उन्होंने कहा कि मतदान का जो 92 प्रतिशत का आंकडा सामने आया है वह पूरे देश के लोकतंत्र में भरोसा करने वाले लोगों का उत्साह बढ़ाने वाला है। उन्होंने कहा, मैं सबसे पहले तो प्रथम चरण में वोट डालने वाले सभी बंगाल के मतदाताओं का बहुत-बहुत अभिनंदन करना चाहता हूं और धन्यवाद भी करना चाहता हूं कि आपने भय से भरोसे की ओर बहुत अच्छे तरीके से यात्रा शुरू की है और दूसरे चरण के मतदाता भी भय से भरोसे की यात्रा को आगे बढ़ायेंगे।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने अब तक हुए अनेक चुनावों में हिंसा के कारण घायल हुए लोगों के आंकडे बताते हुए कहा कि 2016 के चुनाव में 1278 लोग घायल हुए थे, 2021 में 1681 और 2023 के पंचायत में 664 लोगों के घायल होने की तुलना में इस चुनाव में केवल 30 लोगों के घायल होने की खबर है।

# पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झाबुआ में चलित पुस्तकालय का नवाचार प्रारंभ

(संजय जैन सह संपादक)

**झाबुआ। पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झाबुआ में नवाचार की श्रृंखला के अंतर्गत एक अभिनव पहल करते हुए चलित पुस्तकालय (मोबाइल लाइब्रेरी) की शुरुआत की गई है। इस पुस्तकालय में बालिकाओं के लिए शैक्षणिक पुस्तकें, कहानियां, प्रेरक प्रसंग, सामान्य ज्ञान तथा अन्य ज्ञानवर्धक साहित्य उपलब्ध कराया गया है।**



यह चलित पुस्तकालय विद्यालय परिसर में ही स्थापित किया गया है, जिससे बालिकाएं आसानी से इसका लाभ ले सकें। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में पठन कौशल का विकास करना, अध्ययन के प्रति रुचि जागृत करना तथा ज्ञान के आदान-प्रदान की भावना को प्रोत्साहित करना है। बालिकाएं प्रतिदिन पुस्तकालय का उपयोग कर विभिन्न विषयों की पुस्तकों का अध्ययन कर रही हैं।

विशेष बात यह है कि छात्राएं स्वयं पुस्तकों का संचालन करती हैं। वे प्रतिदिन पुस्तकों का रोटेशन कर उन्हें व्यवस्थित रूप से रखती हैं तथा उनके रख-रखाव की जिम्मेदारी भी निभाती हैं। यह व्यवस्था न केवल अनुशासन एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित कर रही है, बल्कि सीमित कक्षों की उपलब्धता के बावजूद पुस्तकालय संचालन का एक प्रभावी मॉडल भी प्रस्तुत कर रही है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती सुप्रिया बिसेन ने इस नवाचार की सराहना करते हुए इसे बालिकाओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल बताया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयासों से विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता एवं ज्ञानार्जन की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलता है।

# खेतिया में जनगणना 2027 हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

राजेश नाहर,9479973888

**खेतिया। नगर परिषद खेतिया द्वारा शासन के निर्देशानुसार जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत तीन दिवसीय प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण 22 अप्रैल से 24 अप्रैल 2026 तक आयोजित हुआ, जिसमें प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।**

चार्ज जनगणना एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ईश्वर महाले ने जानकारी देते हुए बताया कि बड़वानी जिले से नियुक्त फील्ड ट्रेनर्स, व्याख्याता जी.पी. मंगल एवं वरिष्ठ अध्यापक संजय बी. पटेल द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण में जनगणना की प्रक्रिया, डेटा संग्रहण के तरीके तथा मोबाइल ऐप के माध्यम से मकान सूचिकरण और गणना की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 1 मई से 31 मई 2026 तक प्रगणकों द्वारा मोबाइल के माध्यम से मकान सूचिकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी। वहीं 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक नागरिक स्वयं भी अपने मोबाइल के जरिए स्व-गणना कर सकते हैं।

प्रशिक्षण के अंतिम दिवस अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)



पानसेमल रमेशचन्द्र सिसोदिया द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान नगर परिषद खेतिया द्वारा जनगणना 2027 के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए तैयार किए गए प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

कार्यक्रम में सभी पर्यवेक्षक, प्रगणक, निकाय के लेखापाल अशोक शर्मा, जनगणना लिपिक अशोक शिंदे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण हेतु अधिकारियों की नियुक्ति

संजय जैन सह संपादक

**झाबुआ। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. योगेश तुकाराम भरसट द्वारा म.प्र. नगरपालिका निर्वाचन नियम 1994 के नियम-3 एवं 8 के तहत मतदाता सूची तैयार करने हेतु विभिन्न अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

जारी आदेश के अनुसार झाबुआ, राणापुर, पेटलावद, मेघनगर एवं थांदला नगर परिषद क्षेत्रों के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार संबंधित तहसीलदार/प्रभारी तहसीलदार को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा अपर कलेक्टर को अपील प्राधिकारी नामित किया गया है।

उक्त नियुक्तियों के माध्यम से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संपन्न किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

# कांटाफोड में ब्राह्मणों ने निकाली भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा

**शैलेश तिवारी बने युवा ब्राह्मण समाज अध्यक्ष**

**कांटाफोड जितु सिंगी।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सर्वब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जयंती जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा भगवान पंढरीनाथ मंदिर से प्रारंभ हुई। चल समारोह मे बेंडबाजे बग्गी के साथ भगवान परशुराम जी के जय जयकारे के साथ ब्राह्मण समाज जन शामिल रहे।



चल समारोह का नागरिकों द्वारा विभिन्न स्थानो पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो पर निकाली गई। यात्रा भगवान पंढरीनाथ मंदिर परिसर मे पहुंची जहां भगवान की आरती के पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया। समाजजनों द्वारा आरती कर स्वल्पाहार किया गया। शोभायात्रा के दौरान युवा थिरकते दिखाई दिए।

कार्यक्रम के दौरान शेलेष तिवारी को सर्वसम्मति से युवा ब्राह्मण समाज का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

# सड़क निर्माण की मांग को लेकर आदिवासियों में आक्रोश, मंगलवार को होगा लोक निर्माण विभाग का घेराव

आशीष वाणी

**आलीराजपुर।** जिले के ग्राम फड़तला क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर आदिवासी ग्रामीणों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। ग्राम फड़तला मिडिल स्कूल से नेवा माता वाया थोड़ सिंधी मार्ग (लगभग 1.50 किमी) के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा लोक निर्माण विभाग को आवेदन प्रस्तुत किया गया, लेकिन आरोप है कि विभाग के कार्यपालन यंत्री द्वारा आवेदन लेने में टालमटोल कर ग्रामीणों को भगा दिया। कार्यपालन यंत्री और एसडीओ लोक निर्माण विभाग द्वारा राजनीतिक दबाव में आवेदन तक नहीं लेने का आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क वर्षों से उपेक्षित है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और आवागमन जैसी बुनियादी सुविधाओं में गंभीर कठिनाइयाँ आ रही हैं। शासन द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्य में भी कथित रूप से अनियमितता करते हुए पूर्ण लंबाई के बजाय आंशिक निर्माण की बात सामने आई है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश और बढ़ गया है।

**आदिवासी नेता महेश पटेल**



**को सौंपा ज्ञापन**

इसके बाद पीड़ित ग्रामीणों ने मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद के उपाध्यक्ष एवं आदिवासी नेता महेश पटेल को सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सैकड़ों आदिवासी ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने आजादी के बाद से अब तक मूलभूत विकास से वंचित रहने की पीड़ा व्यक्त की। ज्ञापन सौंपते समय ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण नहीं होने से बच्चों की शिक्षा, मरीजों के उपचार और दैनिक जीवन पर गंभीर असर पड़ रहा है।

**मंगलवार को होगा लोक निर्माण विभाग कार्यालय का घेराव**

आदिवासी नेता महेश पटेल ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी मांग पूरी तरह जायज है और इसे प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने हेतु सैकड़ों की संख्या में पीड़ित आदिवासी कलेक्टर कार्यालय में आवेदन करेंगे, तत्पश्चात लोक निर्माण विभाग कार्यालय का घेराव करेंगे।

**विकास की राह देखता फड़तला क्षेत्र**

गौरतलब है कि आजादी के दशकों बाद भी क्षेत्र के कई आदिवासी गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। सड़क जैसी आवश्यक सुविधा का अभाव शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

# नीमच के थाना नीमच सिटी क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को, डायल-112 जवानों ने एफआरव्ही वाहन से पहुँचाया अस्पताल

**नीमच। जिले के थाना नीमच सिटी क्षेत्र में तिरुपति रेस्टोरेंट के पास एक मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी है, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया हैं, पुलिस सहायता की आवश्यकता है।**

सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में दिनाँक 23/04/2026 को रात्रि 08 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल थाना नीमच सिटी में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ प्रधान आरक्षक संतोष नारेड़ा एवं पायलेट दीपचंद ने मौके पर पहुँचकर बताया कि मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। डायल-112 जवानों ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घायल व्यक्ति को एफआरव्ही वाहन की मदद से जिला चिकित्सालय नीमच में भर्ती कराया, जहाँ घायल व्यक्ति का उपचार किया जा रहा है।



# क्या इसे कहते है जीरो टॉलरेंस....?-भाजपाई शीर्ष नेतृत्व आखिर क्यों है मौन....? संघ, संगठन और सरकार के निर्देश तार तार-बीजेपी मंत्री, विधायक और नेता ही करा करे पार्टी की फजीहत,आखिर भाजपा सरकार में यह सब कुछ चल क्या रहा है.....?



संजय पाठक-भाजपा विधायक,विजयराघवगढ़-कटनी जिला






कैलाश विजयवर्गीय-मंत्री


प्रीतम सिंह लोधी-भाजपा विधायक,पिछोर

**झाबुआ/इंदौर (संजय जैन-सह संपादक)। पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी की छवि एक अनुशासित और संस्कारी पार्टी की है। पार्टी अपने अनुशासन के लिए जानी जाती है लेकिन प्रदेश में पार्टी अपने लक्ष्य और मकसद से भटकती नजर आ रही है। यहां पर बीजेपी नेताओं, मंत्रियों, विधायकों से लेकर कार्यकर्ताओं तक ने पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।**

भाजपाई शीर्ष नेतृत्व आखिर में मौन क्यों है.......? क्या इसे ही कहते है जीरो टॉलरेंस....?आज आमजन के दिलो दिमाग पर सिर्फ एक ही सवाल छाया हुआ है कि आखिर भाजपा सरकार में यह सब कुछ चल क्या रहा है.....?

**अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करने के मामले लगातार......**

प्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्रियों, विधायकों और पदाधिकारियों द्वारा अधिकारियों को धमकी देने के साथ ही अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं जो पार्टी की खासी किरकिरी करा रहे हैं। इन सबके बीच गौर करने वाली बात ये है कि ये सब तब हो रहा है जब सत्ता, संगठन के साथ ही संघ के सख्त दिशा निर्देश हैं। नेताओं जनप्रतिनिधियों को अनुशासन, भाषा और आचरण पर विशेष ध्यान देने का फरमान है,लेकिन इन सिद्धांतों को तार तार करके पार्टी लाइन से हटकर काम किया जा रहा है। इस क्रम में नेताओं मंत्रियों और पदाधिकारियों की लंबी फेहरिस्त है,जिन्होंने पार्टी को असहज स्थिति में डाला है। वरिष्ठ नेताओं के बिगड़े बोल और अधिकारियों को खुलेआम दी जा रही धमकियों ने पार्टी की किरकिरी कराई है।


विजय शाह-मंत्री

**बीजेपी मंत्री और विधायक ही करा करे, पार्टी की फजीहत.........**

पिछोर विधायक प्रीतम लोधी की तो उन्होंने करैरा के एसडीओपी आयुष जाखड़ को खुलेआम धमकी दी। इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। वहीं विधानसभा के बजट सत्र में संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के विरुद्ध अमर्यादित भाषा बोली थी,जो काफी बड़ा मुद्दा बनी थी। इसके साथ साल 2025 में प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ अमर्यादित और आपत्तिजनक टिप्पणी की थी,जिसके बाद मंत्री के साथ ही पूरी बीजेपी के लिए ये बयान गले की फांस बन गया था।

इसके साथ ही हाई कोर्ट ने भाजपा विधायक संजय पाठक के खिलाफ आपराधिक अवमानना के मामले में निर्देश जारी किए।

उन पर अवैध उत्खनन मामले की सुनवाई कर रहे हाई कोर्ट जज से संपर्क करने की कोशिश का आरोप है।

**इन बीजेपी विधायकों की भी कार्यप्रणाली और बयानों ने पार्टी को मुश्किल में डाला.......**

दरअसल कुछ विधायकों ने पिछले कुछ समय के दौरान ऐसी हरकते की है,जो राजनीतिक गलियारों में काफी चर्चित हो रही हैं। सागर की देवरी विधानसभा सीट से भाजपा विधायक बृजबिहारी पटैरिया ने एक मामले में पुलिस द्वारा डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज न करने से नाराज होकर केसली थाने के भीतर ही अपना इस्तीफा लिख दिया था।

वहीं कुछ दिन पहले उनकी बेटी प्रियंका पटेरिया पर एक युवक को जूते से मारने के कारण भी काफी चर्चा हो चुकी है। वहीं दूसरी ओर मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल एक वीडियो में एडिशनल एसपी अनुराग पांडेय के सामने दंडवत होते नजर आए थे। आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारी अपराधियों के साथ मिलकर उनकी हत्या की साजिश रच रहे हैं।


बृजबिहारी पटैरिया-भाजपा विधायक,देवरी


प्रदीप पटेल-भाजपा विधायक,मऊगंज

इसके साथ ही भिंड विधायक नरेंद्र सिंह ने कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव पर मुक्का तान दिया था और गलत शब्द कहे थे। कहा जा सकता है कि बीजेपी की जो छवि है उसकी सिद्धांतों पर खुद पार्टी के नेता ही बट्टा लगा रहे हैं और संघ संगठन के निर्देशों को सरेआम ठेंगा दिखा रहे हैं।


नरेंद्र सिंह-भाजपा विधायक,भिंड

## सम्पादकीय

# पार्टी से गद्दारी

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय सिंह ने पार्टी छोड़ने वाले नेताओं पर पलटवार किया है। संजय सिंह ने कहा कि ये सातों नाम पंजाब की जनता को याद रखना चाहिए। राघव चड्ढा को पार्टी ने विधायक बनाया। सांसद बनाया। क्या-क्या नहीं दिया। अब वो भाजपा की गोद में चले गए। संदीप पाठक को राज्यसभा में भेजा।

इन सबको आम आदमी पार्टी और पंजाब की जनता को काफी प्यार दिया। लेकिन इन सभी ने पंजाब के लोगों की पीठ में छुरा घोंपा है।आप सांसद ने कहा कि पंजाब की जनता इन्हें कभी माफ नहीं करेगी। संजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने जो खेल खेला है, उसे जनता कभी माफ नहीं करेगी। पंजाब की मान सरकार इतना अच्छा काम कर रही है, लेकिन उसके साथ ऑपरेशन लोटस चलाया जा रहा है।

पार्टी के मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने कहा कि पंजाब की जनता कभी माफ नहीं करेगी। भाजपा से कहना चाहता हूं कि ये भगवंत मान की सरकार को रोकने का जो आपने ये काम किया है ये सबको दिख रहा है। सबको दिख रहा है कि कौन कहां से उठकर किसे कहां तक पहुंचाया गया है। आज मन बहुत दुखी है इस बात के लिए की एक अच्छी सरकार पंजाब में चल रही है। मान जी पंजाब के लोगों के लिए अच्छा काम कर रहे हैं और आज उस सरकार के साथ ऑपरेशन लोट्स का खेल खेला जा रहा है। हमारे सांसदों को तोड़ा जा रहा है। अपनी पार्टी में शामिल किया जा रहा है। ईडी और सीबीआई का खेल खेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने कहा है कि ईडी का छापा पड़ा और सांसदों को तोड़ लिया गया। मतलब साफ है कि भय दिखाकर ऑपरेशन लोट्स चलाया जा रहा है। जिन लोगों ने पंजाब के किसानों के खिलाफ कानून पास किया उस पार्टी में शामिल हो के आप किसानों के लिए लड़ने की बात करोगे। जनता सब देख रही है। ऐसे लोगों के साथ जाकर आप कोई बहुत बड़ा परिवर्तन या क्रांति करेंगे, क्या इन बातों पर कोई भरोसा करेगा। जब-जब आम आदमी पार्टी को धोखा दिया गया है तब तब जनता ने पलटकर दिया है। इसका जवाब भी पंजाब के लोग देंगे। इस धोखेबाजी का जवाब भी पंजाब की जनता ही देगी।

# राणापुर में गच्छामि धिपति का भव्य प्रवेश पूरा राणापुर नगर भक्ति भाव में डूबा

**पंकज गोस्वामी राणापुर**

**राणापुर।** नगर में आयोजित श्री आदि जिन प्रतिष्ठा के दूसरे दिन धार्मिक आस्था, उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रातःकाल से ही नगर का वातावरण पूरी तरह धर्ममय हो गया था। मंदिर परिसर से लेकर नगर की प्रमुख सड़कों तक श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही और हर और जय जिनेन्द्र के उद्घोष गूंजते रहे। विधि-विधान के साथ संपन्न हो रहे विभिन्न धार्मिक आयोजनों ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

महोत्सव के दूसरे दिन का शुभारंभ प्रातःकाल नवग्रह पाटला पूजन के साथ हुआ। इस पुण्य कार्य का लाभार्थी बनने का सौभाग्य नानालालजी मिया चांदजी नाहर परिवार को प्राप्त हुआ। परिवार द्वारा पूरे श्रद्धा भाव और विधि-विधान के साथ पूजन संपन्न किया गया। मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच हुए इस पूजन ने पूरे दिन के कार्यक्रमों की मंगलमयी शुरुआत की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और पूजन के दौरान भक्ति का विशेष वातावरण बना रहा।

इसके पश्चात दिन के प्रमुख आकर्षण सगुरु प्रवेश का आयोजन अत्यंत भव्य और आकर्षक रूप में सम्पन्न हुआ। गुरुदेव का नगर प्रवेश पारंपरिक शान-ओ-शौकत के साथ हुआ, जिसमें हाथी, बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों की गूंज ने पूरे नगर को उत्सवमय बना दिया। शौभायात्रा दादावाड़ी से प्रारंभ होकर शिवाजी चौक, सरदार मार्ग, महात्मा गांधी मार्ग, बस स्टैंड, सुभाष मार्ग एवं बोरा गली होते हुए श्री सुविधिनाथ ओसवाल जैन मंदिर परिसर पहुंची।

इस भव्य शोभायात्रा के दौरान मार्ग में जगह-जगह समाजजनों और नगरवासियों द्वारा गुरुदेव का स्वागत किया गया। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर शोभायात्रा की शोभा को और बढ़ाया। श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए और धर्म ध्वजाएं लहराते हुए चल रहे थे, जिससे पूरा बातावरण भक्तिरस में डूबा नजर आया। बैंड-बाजों की मधुर धुन और ढोल-नगाड़ों की गूंज ने इस आयोजन को और भी जीवंत बना दिया। मंदिर परिसर में गुरुदेव के आगमन पर समाजजनों द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान बद्धालुओं में गुरुदेव के दर्शन करने की विशेष उत्सुकता देखी गई। कार्यक्रम के दौरान अनुशासन और व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा गया, जिससे पूरा आयोजन सुचारु रूप से सम्पन्न हो सका।

महोत्सव के दौरान श्रीमद् विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी म.सा. का पावन सानिध्य प्राप्त हो रहा है। उनके सान्निध्य में आयोजित ही रहे कार्यक्रमों ने महोत्सव को विशेष गरिमा प्रदान की है। गुरुदेवों के आशीर्वचन और प्रेरणादायक प्रवचनों से श्रद्धालुओं को धर्म, संगम और सदाचार का संदेश प्राप्त हो रहा है। उनके मार्गदर्शन में समाजजन धर्म की ओर अग्रसर हो रहे हैं और आत्मकल्याण की भावना को आत्मसात कर रहे हैं।

इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों और पूजन विधियों का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्री बाबूलालजी हेमराजजी सकलेचा परिवार को श्री राजेन्द्रसूरी अष्टप्रकारी पूजन के लाभार्थी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। परिवार द्वारा पूरे भक्ति भाव और श्रद्धा के साथ पूजन संपन्न किया गया। इस पूजन में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी सहभागिता कर धर्मलाभ अर्जित किया।

महोत्सव के दूसरे दिन नगर में हर और उत्साह का माहौल देखने को मिला। बाजारों में भी लोगों के बीच इस आयोजन को लेकर चर्चा बनी रही। नगर के विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने भी इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई। युवाओं ने व्यवस्था संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, वहीं महिलाओं ने भी पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रमों में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

इस पूरे आयोजन ने राणापुर नगर में एकता, श्रद्धा और भक्ति का संदेश दिया। समाजजनों की सक्रिय भागीदारी और सहयोग से यह महोत्सव दिन-प्रतिदिन और अधिक भव्यता के साथ आगे बढ़ रहा है। दूसरे दिन के सफल आयोजन के बाद आगामी दिनों के कार्यक्रमों को लेकर भी लोगों में विशेष उत्सुकता बनी हुई है।



समापन के दौरान आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं, लाभार्थी परिवारों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया तथा आगामी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता की अपील की। महोत्सव के अंतर्गत आगामी दिनों में भी विभिन्न धार्मिक विधियां, पूजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनसे नगर का वातावरण इसी प्रकार धर्ममय बना रहेगा।

इस प्रकार श्री आदि जिन प्रतिष्ठा महोत्सव का दूसरा दिन भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ, जिसने राणापुर नगर को आध्यात्मिक ऊर्जा और धार्मिक उत्साह से ओतप्रोत कर दिया।

## कलेक्टर द्वारा कृषि उपज मंडी समिति कार्यालय का औचक निरीक्षण

**संजय जैन सह संपादक**

**झाबुआ। कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने शुक्रवार को कृषि उपज मंडी समिति झाबुआ कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कार्यालय में संपादित विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।**

कलेक्टर ने मंडी परिसर में विगत वित्तीय वर्ष के दौरान फसलों की खरीदी एवं उपार्जन से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही मंडी में गेहूं के वर्तमान दिवस के भाव के संबंध में भी जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मंडी संचालन को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने पर जोर देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।





## ग्रीष्म ऋतु में बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आंगनवाड़ी समय में परिवर्तन

**खरगोन.... मनोज मालवीया**

**खरगोन।** जिले में ग्रीष्म ऋतु के दौरान बढ़ती गर्मी को देखते हुए आंगनवाड़ी केन्द्रों में अध्ययनरत बालक-बालिकाओं के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले संभावित प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए आंगनवाड़ी केन्द्रों के संचालन समय में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। यह आदेश अवर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग के पत्र में प्रदत्त अधिकारों के तहत कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल द्वारा जारी किया गया है। जारी निर्देशानुसार जिले में संचालित समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिए केन्द्र संचालन का समय प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। वहीं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका केन्द्र पर प्रातः 8 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक उपस्थित रहकर शाला पूर्व शिक्षा, अभिलेख संधारण तथा गृह भेंट संबंधी कार्य संपादित करेंगी। निर्धारित समय-सारणी के अनुसार बच्चों के लिए प्रातः 8.30 बजे से 9 बजे तक नाश्ते की व्यवस्था की जाएगी। बच्चों को भोजन प्रातः 11 बजे से 11.30 बजे तक प्रदान किया जाएगा तथा दोपहर 12 बजे तक बच्चों की आंगनवाड़ी केन्द्र से छुट्टी सुनिश्चित की जाएगी।

# पन्न में अनूठी परंपरा–वैशाख शुक्ल अष्टमी पर बाईजूराज महारानी जी मंदिर में श्रद्धालुओं को मिलता है शरबत प्रसाद

**पन्ना।** निजानंद संप्रदाय के प्रमुख स्थल श्री पांच पद्मावती पुरी धाम के धाम मोहल्ला स्थित श्री बाईजूराज महारानी जी मंदिर में वैशाख शुक्ल अष्टमी को अन्तर्धान दिवस श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालु निर्जला व्रत रखकर श्री श्यामाजी महारानी जी की पूजा-अर्चना करते हैं।

**परंपरा और आस्था**

सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार, शक्कर और काली मिर्च से बना विशेष शरबत श्री श्यामाजी को भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद स्वरूप वितरित किया जाता है। श्रद्धालु अपनी इच्छा अनुसार इस शरबत का सेवन कर व्रत पूर्ण करते हैं।

**श्रद्धालुओं की व्यापक भागीदारी**

इस धार्मिक आयोजन में सदियों से चली आ रही परंपरा के तहत श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी व ट्रस्टी, मंदिर के पुजारी, विद्वान-विदुषी, धामी समाज के लोग जिनमें महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हैं बड़ी संख्या में उपस्थित रहते हैं। इसके अलावा निजानंद संप्रदाय के अनुयायी देश के विभिन्न राज्यों से पन्ना पहुंचकर इस पावन दिवस में भाग लेते हैं और आस्था का परिचय देते हैं।

**भक्ति और भजन का माहौल**

मंदिर में करुण रस से ओतप्रोत विरह भजनों का गायन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु श्यामा जी की कृपा का स्मरण करते हुए भाव-विभोर नजर आए।

**विशेष शरबत प्रसाद**

करीब 1 से 2 क्विंटल शक्कर से बना शरबत मंदिर के कुएं के स्वच्छ जल में काली मिर्च मिलाकर तैयार किया जाता है। इसका अनोखा स्वाद श्रद्धालुओं को वर्षभर याद रहता है। मंदिर में मिलने वाले इस शरबत को लोग प्रसाद के रूप में वहीं ग्रहण करते हैं तथा अपने-अपने घर भी लेकर जाते हैं।

**विशेष वेशभूषा**

इस दिन अधिकांश श्रद्धालु सफेद वस्त्र धारण कर मंदिर पहुंचते हैं और बाईजूराज महारानी जी का श्रृंगार भी सफेद पोशाक में किया जाता है, जो पवित्रता और शांति का प्रतीक है। इस दिन आरती के समय ढोलक, घंटे आदि नहीं बजाए जाते हैं।



**व्रत और अनुशासन**

अन्तर्धान दिवस पर श्रद्धालु निर्जला व्रत रखते हैं, वहीं कुछ श्रद्धालु मौन व्रत का भी पालन करते हैं, जिससे उनकी आस्था और साधना की गहराई झलकती है।

# जिले के ग्राम पंचायातों के सरपंचों का प्रमाण पत्र देकर स्वागत किया

**जिला ब्यूरो चीफ रेखा लहासे**

**बुरहानपुर।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर बुरहानपुर के जिला पंचायत सभागृह में आयोजित विशेष कार्यक्रम में विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) ने शामिल होकर कार्यक्रम को संबोधित, किया।अखिल भारतीय पंचायत परिषद की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रितिसिंग राठौड़ ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इसके साथ ही जिले के ग्राम पंचायातो के सरपंचों का प्रमाण पत्र देकर स्वागत किया ओर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस गौरवशाली अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए सरपंचों और सचिवों के साथ संवाद करने का अवसर मिला। ग्रामीण भारत की नींव को मजबूत करने वाले हमारे जनप्रतिनिधियों के साथ विचार साझा करना सुखद रहा। लोकतंत्र की इस बुनियादी इकाई को सशक्त बनाने का हमारा संकल्प निरंतर जारी है।कार्यक्रम में उपस्थित, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, प्रीति सिंग राठौड़,जनपद सीईओ संजय सिंह, जिला पंचायत सीईओ, सुरजन वर्मा, सही सरपंच सचिव मोजुद रहे।



# भाजपा मंडल बाग की कामकाजी बैठक सम्पन्न

**धर्मेंद्र सोलंकी**

**बाग।** भारतीय जनता पार्टी मंडल बाग की कामकाजी बैठक शुक्रवार को अंबेडकर भवन में संपन्न हुई। धार ग्रामीण जिले के गंधवानी विधानसभा क्षेत्र बाग में मंडल स्तरीय बैठक में संगठनात्मक विषय पर चर्चा की गई।

इस दौरान जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार, जिला महामंत्री महेंद्र मेरती, जिला उपाध्यक्ष संतोष राठौड़ , मन की बात कार्यक्रम प्रमुख रवि परिहार, मंडल अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया, श्यामसुंदर अगाल, जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी डॉ प्रकाश पटेल, महामंत्री अंकित झंवर, सुरेश रावत, कैलाश झाबा, रतन किराडे, डां विवेकच राठौर, प्रकाश शर्मा, भेरूलाल धारवाल, कुवरसिंह डावर, निरेश सेठिया, कलमसिह चौहान, प्रेम जमरा, कालुसिह चौहान, केशरसिह मंडलोई, वेदांश अगाल, अंश



जैन, भारत मंडलोई, सहित कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तोलाराम गोले ने आभार मंडल महामंत्री अंकित झंवर ने माना।

# भाकपा (माले) पार्टी का धरियावद तहसील का एरिया सम्मेलन सम्पन्न

**जुबेर अहमद**

**धरियावद। भाकपा (माले) का धरियावद एरिया सम्मेलन शुक्रवार को क्षेत्र भर से आए प्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओ की भागीदारी के साथ सम्पन्न हुआ है।**




सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्य सचिव शंकरलाल चौधरी ने कहा कि आज देश में फासीवादी ताकतें लोकतांत्रिक संस्थाओं और जनाधिकारों पर लगातार हमले कर रही हैं। ऐसे समय में व्यापक जनएकता और संघर्ष ही इसका प्रभावी जवाब हो सकता है। उन्होंने कहा केंद्र में भाजपा सरकार महिला आरक्षण के नाम पर अपने पक्ष में परिसीमन लागू करने की साजिश रच रही थी जिसे विपक्ष की एकता ने लोकसभा में हरा दिया। राज्य कमिटी के सदस्य पूरणमल ने कहा धरियावद में देश में चले मजदूर आंदोलनों से प्रेरणा लेते हुए मजदूरों को एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा ऐतिहासिक किसान आंदोलन की तर्ज पर धरियावद के किसानों को भी कृषि मंडी बनाने के लिए आंदोलन करना होगा। किसी भी पार्टी का विधायक जो इस इलाके में रहा वो व्यापारियों के दबाव में किसानों के पक्ष में आवाज उठाने को लेकर तैयार नहीं हैं। इसके अभाव में किसानों को अपनी उपज औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर होना पड़ता है। नवनिर्वाचित तहसील सचिव बाबूलाल ने जाखम बांध से सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने कहा क्षेत्र में सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण किसान वर्षा पर निर्भर हैं, जिससे उनकी आय और उत्पादन दोनों प्रभावित होते हैं। झड़ोली के बाबरू ने कहा धरियावद में नहरों की मरमत की जाए ताकि अधिक से अधिक खेतों तक पानी पहुंच सके और खेती को स्थायित्व मिल सके। पूर्व एरिया सचिव गौतम मीणा ने कहा बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और सार्वजनिक सेवाओं के कमजोर होते ढांचे ने आम जनता का जीवन कठिन बना दिया है। सलूंबर जिला सचिव शंकर मीणा ने कहा जल जीवन मिशन पूरे इलाके में विफल रहा और घर में नल बिना जल के शौचालय की तरह मजाक बन कर रह गए हैं। गर्मी आ रही हैं पर बहुत से हैंड पंप भी खराब पड़े हैं जिन्हें तुरंत ठीक करने की जरूरत हैं। हरीश साल्वी ने कहा स्कूल और अस्पतालों की हालत खस्ता हैं और इनमें सुधार के लिए जनसंघर्ष को तेज करने का आह्वान किया गया। अंत में सम्मेलन के द्वारा 11 सदस्यीय एरिया कमिटी चुनी गई। एरिया कमिटी ने सर्वसम्मति से बाबूलाल मीणा को तहसील सचिव चुना। सम्मेलन का संचालन सौरभ नरूका ने किया। पांचाराम,खानूराम, गंगाराम, वेलजी सहित मौजूद रहे।

# सेना कमांडर, मध्य कमान का एम.सी.टी.ई महू में दौरा

**राजेश पिल्लै की रिपोर्ट**

**महू।** महू के एम.सी.टी.ई. में लेफ्टिनेंट जनरल अनिंदया सेनगुप्ता, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, मध्य कमान ने 24 अप्रैल 2026 को एमसीटीई, महू का वार्षिक निरीक्षण किया। सेना कमांडर ने एनएफएस एडवांस ट्रेनिंग सेंटर (एटीसी) का दौरा किया, जो एक विशिष्ट अखिल भारतीय त्रि-सेवा प्रशिक्षण केंद्र है। यह केंद्र उच्च तकनीक एवं पाठ्यक्रम आधारित प्रशिक्षण प्रदान करता है, जिसका उद्देश्य त्रि-सेवा अधिकारियों एवं सैनिकों को मल्टी-डोमेन ऑपरेशंस तथा नेटवर्क सेंट्रिसिटी के उच्च स्तरीय रणनीतिक उद्देश्यों पर प्रशिक्षित करना है। यह पहल वर्ष 2026 को नेटवर्किंग एवं डेटा सेंट्रिसिटी वर्ष के लिये निश्चित किए गए उद्देश्य के अनुरूप है। एडवांस ट्रेनिंग सेंटर इन्फैंट्री, आर्मर्ड एवं आर्टिलरी के अधिकारियों को तकनीकी दक्षता भी प्रदान करता है, जिससे वे रियल-टाइम सेंसर-टू-शूटर लिंक का प्रभावी उपयोग कर सकें। यहां नवीनतम हाई-स्पीड एनएफएस नेटवर्क पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे सामरिक युद्धक्षेत्र के अग्रिम मोर्चे पर स्थितिजन्म जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। यह सुविधा सुविधा पुरानी प्रणालियों और भविष्य की तकनीकों के बीच की दूरी को कम करते हुए कमांडरों को वॉइस, डेटा एवं वीडियो जैसी ट्रिपल-प्ले सेवाओं तथा बिग डेटा के सैन्य उपयोग हेतु सक्षम बनाती है। एमसीटीई संचार,




कृत्रिमबुद्धिमत्ता, साइबर, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध तथा काउंटर ड्रोन तकनीक के क्षेत्र में उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण का प्रमुख संस्थान है। इस अवसर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं ड्रोन तकनीक से संबंधित विभिन्न फील्ड डिप्लॉयबल समाधानों का प्रदर्शन किया गया, जो वॉइस सेंट्रिक से डेटा सेंट्रिक प्रणाली की ओर परिवर्तन तथा युद्धक्षेत्र के अग्रिम मोर्चे पर अनुप्रयोगों के विकास में सहायक हैं। सेना कमांडर ने कैडेट्स ट्रेनिंग विंग का भी दौरा किया, जहां उन्हें प्रशिक्षण एवं खेल अवसंरचना से अवगत कराया गया। उन्होंने अत्याधुनिक जिम्मेजियम, आर्मी मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षण सुविधा तथा इंडोर बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल कोर्ट से युक्त प्रांजल इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया।

# श्रीमती संतोष कोचले पर्यवेक्षक महिला बाल विकास खालवा को लोकायुक्त ने 4 हजार रु. की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा



इंदौर। महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के द्वारा भ्रष्टाचार के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश पर श्रीमती संतोष कोचले पर्यवेक्षक महिला बाल विकास खालवा सेक्टर-लखनपुर बंदी को रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया गया।

**आवेदिका-**

किरन वाड़िबा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ग्राम पलासपुर।

**आरोपिया**

श्रीमती संतोष कोचले पर्यवेक्षक महिला बाल विकास खालवा सेक्टर-लखनपुर बंदी।

**कुल रिश्वत मांग**

50,000 रुपए, छोटी किस्त के रूप में रिश्वत राशि 4000 रुपए जप्त

**विवरण**

आवेदिका आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद पर कार्यरत है जिसकी नियुक्ति की एवज में आरोपियों द्वारा कुल 50,000 रुपए रिश्वत की मांग की जा रही थी।

आवेदिका द्वारा जिसकी शिकायत राजेश सहाय, पुलिस अधीक्षक, विपुस्था, लोकायुक्त कार्यालय इंदौर को की गई। सत्यापन में शिकायत सही पाये जाने पर शुक्रवार दिनांक 24.04.2026 को ट्रेपदल का गठन किया गया।

आरोपियों श्रीमती संतोष कोचले को ग्राम पंचायत रोशनी में 4000 रिश्वत राशि लेते हुए पकड़ा गया। आरोपिया के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 की धारा 7 के अंतर्गत कार्यवाही जारी है।

**ट्रेपदल**

कार्यवाहक निरीक्षक श्रीमती प्रतिभा तोमर, कार्यवाहक निरीक्षक आशुतोष मिठास, कार्यवाहक प्रआर विवेक मिश्रा, आदित्य सिंह भदौरिया, आरक्षक शैलेंद्र सिंह बघेल, चेतन सिंह परिहार, आरक्षक कृष्णा अहिरवार महिला आरक्षक प्रियंका लोधी एवं अनीता प्रजापति।

लोकायुक्त संगठन द्वारा लगातार भ्रष्टाचार के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। आमजन से अपील है की कोई अधिकारी/कर्मचारी रिश्वत की मांग करे तो लोकायुक्त कार्यालय इंदौर एवं दूरभाष पर भी सम्पर्क कर सकते है।

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त कार्यालय इंदौर संभाग इंदौर। पता-मोती बंगला, एम.जी. रोड इंदौर-452007 दूरभाष 0731-2533160, 0731-2430100

# अर्चना चिटनिस बोलीं-जन-भागीदारी से ही बनेगा स्वच्छ बुरहानपुर, 'जीरो वेस्ट सिटी' का लक्ष्य तय

**जिला ब्यूरो चीफ रेखा लहासे**

**बुरहानपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को गति देने के उद्देश्य से नगर निगम बुरहानपुर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत परमानंदजी गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम में स्वच्छता संवाद एवं क्षमता वर्धन कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस (दीदी) ने सहभागिता करते हुए शहर को 'जीरो वेस्ट सिटी' बनाने के लक्ष्य के साथ स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, प्रभावी एवं परिणाममुखी बनाने के दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती माधुरी पटेल, कलेक्टर हर्ष सिंह, स्वच्छ भारत मिशन के उपसंचालक श्री निलेश दुबे, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, निगम अध्यक्ष श्रीमती अनीता अमर यादव, नगर निगमायुक्त संदीप श्रीवास्तव, पूर्व महापौर अतुल पटेल, स्वास्थ्य प्रभारी धनराज महाजन सहित जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में सफाई मित्र एवं वॉलेंटियर्स उपस्थित रहे।

**दो सत्रों में बना स्वच्छता का रोडमैप**

कार्यशाला के प्रथम सत्र में जनप्रतिनिधियों एवं पार्षदों के साथ शहर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए ठोस रणनीति पर चर्चा की गई। इसमें घर-घर कचरा संग्रहण का 100 प्रतिशत कवरेज, गीले एवं सूखे कचरे का स्त्रोत स्तर पर पृथक्करण, वार्ड स्तर पर निगरानी तंत्र को सुदृढ़ करने तथा सार्वजनिक स्थलों, बाजारों और प्रमुख मार्गों पर नियमित सफाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। नो लिटरिंग जोन विकसित करने और कचरा



निस्तारण में कम्पोस्टिंग, रीसाइक्लिंग एवं पुनः उपयोग जैसी वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने पर भी सहमति बनी जन-आंदोलन बने स्वच्छता कार्यशाला में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि स्वच्छता को केवल प्रशासनिक दायरे तक सीमित न रखते हुए जन-आंदोलन का स्वरूप दिया जाए। इसके लिए स्कूल-कॉलेजों, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

**सफाई मित्रों का सशक्तिकरण**

द्वितीय सत्र में सफाई मित्रों एवं नगर निगम कर्मचारियों के लिए क्षमता वर्धन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आधुनिक स्वच्छता तकनीकों, कार्य दक्षता, समय प्रबंधन एवं सुरक्षा मानकों पर प्रशिक्षण दिया गया। सफाई मित्रों को शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ बताते हुए उनके सम्मान, सुरक्षा एवं प्रोत्साहन को प्राथमिकता देने की बात कही गई वेस्ट मैनेजमेंट पर व्यावहारिक मार्गदर्शन भोपाल से आए स्वच्छ भारत मिशन के विशेषज्ञों द्वारा वेस्ट मैनेजमेंट के व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि कचरे को स्रोत स्तर पर पृथक्करण (गीला एवं सूखा अलग करना) सबसे महत्वपूर्ण कदम है। गीले कचरे से खाद तैयार कर उसका उपयोग किया जा सकता है, जबकि सूखे कचरे को रीसायकल कर पुनः उपयोग में लाया जा सकता है। साथ ही सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग में कमी, पुनः उपयोग एवं पुनर्चक्रण पर जोर दिया गया स्वच्छता बने संस्कार-अर्चना चिटनिस इस अवसर पर श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का संस्कार और जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि 'जीरो वेस्ट सिटी' का लक्ष्य तभी संभव है जब हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझते हुए कचरे का पृथक्करण करे और स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए।

उन्होंने सफाई मित्रों को स्वच्छता के अग्रिम पंक्ति के योद्धा बताते हुए उनके योगदान की सराहना की और कहा कि उनके सम्मान, सुरक्षा एवं प्रोत्साहन के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।महापौर श्रीमती माधुरी पटेल ने संबोधन में कहा कि बुरहानपुर को स्वच्छता में अग्रणी बनाने के लिए नगर निगम लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रत्येक वार्ड में नियमित मॉनिटरिंग, समयबद्ध कचरा संग्रहण एवं नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

# धरियावद थाना पुलिस की कार्यवाही, तेज आवाज में डीजे बजाने वालों के 06 वाहन जब्त

**जुबेर अहमद**

**धरियावद।** जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं आमजन को शांति एवं सुरक्षा का माहौल उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से आला अधिकारियों जिला पुलिस कप्तान बी.आदित्य के निर्देशानुसार धरियावद थाना पुलिस प्रशिक्षु आरपीएस शक्ति दायमा,सीआई हजारीलाल मीणा मय स्टाप द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों पर तेज आवाज में डीजे बजाने वाले आमजन को परेशान करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। थाना पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी कर तेज आवाज में डीजे बजाने वाले वाहनों को चिन्हित कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 06 पिकअप वाहनों को अलग-अलग जगह से जब्त कर थाना परिसर मे लाया गया। जहाँ नियमानुसार कार्यवाही कि गई पुलिस अधिकारियों ने बताया



कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। आमजन से अपील की गई है कि वे नियमों का पालन करें, अनावश्यक शोर-शराबा न करे न अपनाएं ताकि क्षेत्र में शांति एवं सुव्यवस्था बनी रहे। वही इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मीणा समाज के एवं एडवोकेट केसुलाल मीणा ने पुलिस प्रसाशन का आभार व्यक्त किया और बताया कि समय-समय पर पुलिस ऐसी कार्यवाही करती रहे जिसे क्षेत्र मे शांति बनी रहे।

# विद्यार्थियों के आधार अब विद्यालय के द्वार अभियान प्रारंभ

**खरगोन....मनोज मालवीया**

**खरगोन। मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेशभर में विद्यार्थियों के आधार अब विद्यालय के द्वार अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों के आधार कार्ड में आवश्यक अद्यतन कर उन्हें शासकीय योजनाओं एवं शैक्षणिक सुविधाओं से सुगमता से जोड़ना है।**

अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों के आधार कार्ड में मोबाइल नंबर एवं बायोमेट्रिक अपडेट किया जाना अनिवार्य है। इसी क्रम में जिले में 16 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक संलग्न योजना अनुसार शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में आधार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर पर ही सुविधा उपलब्ध हो सके।

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त पालकगणों से अपील की गई है कि जिन विद्यार्थियों का आधार अपडेट शेष है, वे अपने समीपस्थ शासकीय हाई/हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित शिविर में निर्धारित तिथियों पर उपस्थित होकर बच्चों का आधार अपडेशन अवश्य कराएं, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

# नापतौल विभाग ने जप्त किये अमानक पैकेज बंद वस्तु

**(उपेंद्र पाटोदिया ब्यूरो)**

**9926809786**

**रतलाम।** कलेक्टर मिशा सिंह और नापतौल नियंत्रक म.प्र. भोपाल ब्रजेश सक्सेना द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में सहायक नियंत्रक/निरीक्षक नापतौल भारत भूषण द्वारा उपभोक्ता हितों की रक्षा हेतु रतलाम शहर में दुकानों पर पैकेज बंद वस्तुओं का निरीक्षण किया निरीक्षण में पण्ड्या एजेन्सी (किराना विक्रेता) बबड़ नाका, नाईस इन्टरप्राईजेश (फैब्रिकेशन कार्य) सैलाना रोड रतलाम, अलहुतेश हार्डवेयर टूल्स एण्ड पैन्ट्स कस्तुरबा नगर, दीपक बैकरी कस्तुरबा नगर, फखरी हार्डवेयर




एण्ड पेन्ट्स शॉपिंग काम्पलेक्स अलकापुरी, वृन्दावन बेकरी, सज्जन मिल रोड, माही ट्रैडर्स (किराना एवं तम्बाकु उत्पाद विक्रेता) सैलाना रोड रतलाम दुकानों पर अमानक पैकेज बंद वस्तुऐं विक्रय करने हेतु प्रदर्शित रखने के कारण विधिक मापविज्ञान अधिनियम के उल्लंघन और दण्डनीय होने से अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किये गये।

# बिजली विभाग की घोर लापरवाही, दिन-रात हो रही अंधाधुंध कटौती

**रामेश्वर सोनी**

**डही। क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही अब जनता के लिए भारी मुसीबत बन चुकी है। मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली बंद रखी जाती है, लेकिन उसके बाद भी हर 10 मिनट में लाइट गुल हो रही है। दिन हो या रात, लोगों को चैन नहीं मिल रहा।**

भीषण गर्मी के बीच लगातार बिजली कटौती ने आमजन का जीना मुश्किल कर दिया है। बच्चों की पढ़ाई, घरेलू कामकाज, व्यापार और किसानों के जरूरी कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

रातभर बिजली आने-जाने से लोग न ठीक से सो पा रहे हैं और न ही सामान्य जीवन जी पा रहे हैं।



स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बिजली विभाग केवल कागजों में मेंटेनेंस दिखा रहा है, जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। बार-बार शिकायतों के बावजूद अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं और किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। जनता ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो उग्र विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। आखिर कब तक लोग विभाग की इस लापरवाही का शिकार बनते रहेंगे...?

# मासूम अनीका की साँसों के लिए उमड़ा पेटलावद एक ही दिन में जुटाए 4 लाख, 9 करोड़ के इंजेक्शन के लिए महाभियान जारी

**दिपेश पड़ियार**

**पेटलावद। इंदौर की तीन वर्षीय मासूम अनीका शर्मा की जिंदगी बचाने के लिए पेटलावद ने संवेदनशीलता की एक मिसाल पेश की है। स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफि (SMA Type-2) जैसी दुर्लभ और जानलेवा बीमारी से जूझ रही अनीका के इलाज के लिए पूरा नगर एक साथ खड़ा हो गया।**

मातृ शक्ति की जिला संयोजिका संगीता त्रिवेदी के नेतृत्व में पिछले 15 दिनों से चल रही इस मुहिम ने उस समय बड़ा रूप ले लिया जब मासूम अनीका स्वयं अपने माता-पिता के साथ पेटलावद पहुँची। जिस उम्र में बच्चों के हाथों में खिलौने होने चाहिए, उस उम्र में अनीका को दर्द से लड़ते देख हर आँख नम हो गई। इस गंभीर बीमारी के इलाज के लिए अमेरिका से आने वाले 9 करोड़ के विशेष इंजेक्शन की दरकार है, जो इस नन्ही जान को नई जिंदगी दे सकता है। नगरवासियों, सामाजिक संगठनों और युवाओं की तन्मयता का ही परिणाम रहा कि मात्र एक दिन के भीतर करीब 4 लाख रुपए की सहयोग राशि एकत्रित कर ली गई। इस पुनीत कार्य में समरसता समिति, इनर व्हील क्लब, केट व्यापारी संघ, बसोड समाज, लायंस क्लब ग्रेटर, सेवा भारती और रोटरी क्लब सहित कई संगठनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रायपुरिया के पाटीदार समाज ने भी अपनी एकजुटता दिखाते हुए बड़ी राशि का योगदान दिया। व्यक्तिगत स्तर पर भी नगर के गणमान्य नागरिकों ने खुले दिल से दान दिया, जिसमें शिव राठौड़, नरेंद्र मुणत, पंकज पटवा और राजू कुमरावत जैसे नाम प्रमुख रहे।





अब तक इस महाभियान के जरिए कुल 6.5 करोड़ की राशि जुटाई जा चुकी है, लेकिन लक्ष्य अभी भी दूर है। गुरुवार की रात भावुक कर देने वाले एक कार्यक्रम में सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने एकत्रित की गई राशि अनीका के माता-पिता को सौंपी। माता-पिता की आँखों में अपनी बेटी को बचाने की उम्मीद और समाज के प्रति कृतज्ञता साफ झलक रही थी।

पेटलावद के इस सामूहिक प्रयास ने यह साबित कर दिया है कि मानवता आज भी जीवित है और यदि समाज ठान ले, तो संसाधनों का बड़ा से बड़ा पहाड़ भी छोटा पड़ जाता है। अब उम्मीद की जा रही है कि शेष राशि भी जल्द ही एकत्रित हो जाएगी और अनीका को समय पर इलाज मिल सकेगा।

# दहेज लोभियों को सजा और जुर्माना से दंडित किया



**जिला ब्यूरो चीफ रेखा लहासे**

**बुरहानपुर।** दहेज की मांग को लेकर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने पर माननीय न्यायालय ने आरोपीगण अर्पित भावसार, संध्या भावसार एवं पल्लवी भावसार को धारा 498-ए भादवि में प्रत्येक को एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 का अर्थदण्ड एवं धारा 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम में प्रत्येक को आठ माह का सश्रम कारावास एवं 2000 का अर्थदंड से दंडित किया सहायक जिला अभियोजन अधिकारी सुश्री ज्योति मुजाल्दे, प्रिया सोनी व श्री रूपेश मुजाल्दे द्वारा अभियोजित महत्वपूर्ण प्रकरण में माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण अर्पित भावसार, संध्या भावसार, पल्लवी भावसार निवासी बिस्टान गांधीनगर मंगल कालोनी जिला खरगोन मध्यप्रदेश को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने पर न्यायालय द्वारा दंडित किया गया। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी सुश्री ज्योति मुजाल्दे ने बताया कि, दिनांक 16/2/2020 को फरियादिया का अभियुक्त अर्पित के साथ हिंदू रीति रिवाज से विवाह हुआ था। अभियुक्त से फरियादिया को 6 माह का गर्भ भी है। विवाह के समय फरियादिया को उसके उपहार स्वरूप 51000 नगद व सोना चांदी एवं घरेलू उपयोग का अन्य सामान दिया था। विवाह के दो माह तक फरियादिया के ससुराल वालों ने उसे अच्छे से रखा, किन्तु उसके बाद फरियादिया को उसके ससुराल वालों ने दहेज की मांग को लेकर शारीरिक और मानसिक रू से प्रताड़ित करते हुए उसके साथ गाली गलौच व मारपीट की थी।

उक्त घटना के संबंध में फरियादिया ने थाना गणपति नाका में प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कराई थी।

शासन की ओर से प्रकरण में सफलतापूर्वक पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारीगण सुश्री ज्योति मुजाल्दे, प्रिया सोनी एवं रूपेश मुजाल्दे द्वारा की गई, जिस पर से माननीय अधिकारी माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण को दंडित किया गया।

# पेटलावद में रचेगा इतिहास 26 अप्रैल को देश की दूसरी और प्रदेश की पहली भव्य मेवानगरी का होगा शिलान्यास

**दिपेश पड़ियार**

**पेटलावद।** मालव भूषण तपोनिष्ठ आचार्य देव श्री नवरत्नसागरसूरीश्वर जी महाराज साहेब की पावन प्रेरणा और युवा हृदय सम्राट आचार्य देव श्री विश्वरत्नसागरसूरीश्वर जी महाराज साहेब के आशीर्वाद से पेटलावद की धरा पर एक ऐतिहासिक धार्मिक अध्याय जुड़ने जा रहा है। श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ भैरव की असीम कृपा और गादिपति श्री सुमितजी पीपाड़ा के मार्गदर्शन में यहाँ विश्व की दूसरी और मध्य प्रदेश की पहली भव्य मेवानगरी का निर्माण होने जा रहा है।

इस गौरवशाली परियोजना के भूमि पूजन और शिलान्यास के लिए 26 अप्रैल 2026, रविवार को एक विशाल मंगलमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आयोजन की शुरुआत रविवार प्रातः 7.30 बजे नवकारसी का आयोजन होगा। इसके पश्चात प्रातः 8 बजे दामोदर कॉलोनी से निकलने वाले भव्य वरघोड़े (शोभायात्रा)





के साथ होगी।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रातः 11 बजे होने वाला श्री फल शिलान्यास एवं खनन मुहूर्त रहेगा, जिसमें विधि-विधान के साथ दादा की इस पावन भूमि का पूजन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने के लिए सकल श्रीसंघ को आमंत्रित किया गया है। दोपहर 12.00 बजे सभी भक्तों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था दादा की भूमि स्थल पर ही की गई है।

श्री नाकोड़ा पार्श्व भैरव ट्रस्ट मंडल एवं कार्यकारिणी ने विशेष रूप से यह निवेदन किया है कि धार्मिक मर्यादा और परंपरा को देखते हुए सभी श्रद्धालु कार्यक्रम में काले वस्त्र पहनकर न आएं।

इस भव्य आयोजन को लेकर पेटलावद सहित संपूर्ण मालवा क्षेत्र के जैन समाज और दादा के भक्तों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। गादिपती श्री सुमीतजी पीपाड़ा ने सभी धर्मप्रेमी जनता से इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# पिपलोदा क्षेत्र में टीम की तत्परता एक ही दिन में रोके गए तीन बाल विवाह

**(उपेंद्र पाटोदिया ब्यूरो)**
**9926809786**

**रतलाम। पिपलोदा परियोजना अंतर्गत तहसील पिपलोदा के वार्ड क्रमांक 9 करियामर एवं कालूखेडा लसूडिया में बाल विवाह संबंधी शिकायत चाइल्ड लाइन के माध्यम से प्राप्त हुई थी।**

शिकायत की जांच के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी रामनिवास बुधोलिया के निर्देशन में सहायक संचालक एवं प्रभारी परियोजना अधिकारी भारती डांगी के द्वारा दल का गठन किया गया एवं पुलिस विभाग के साथ मौके पर पहुंचकर बाल विवाह रुकवाया गया। जांच के दौरान पिपलोदा तहसील के वार्ड क्रमांक 9 करियामर में टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की जहा पर 1 बालक और 1 बालिका के बाल विवाह की सूचना मिली। जहां बालिका के विवाह की तैयारी चल रही थी। जिसमें स्कॉलर रजिस्टर के आधार पर बालिका की उम्र 16 वर्ष पाई



गई। समझाइश देने पर परिजनों ने आश्वासन दिया कि बालिका का विवाह 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद ही किया जाएगा। इसी क्षेत्र में एक बालक के विवाह की सूचना भी मिली। जांच में बालक की उम्र 16 वर्ष 10 माह पाई गई। टीम ने परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही बताया गया कि बालक की वैधानिक विवाह आयु 21 वर्ष है। परिजनों से लिखित आश्वासन लिया गया कि वे निर्धारित आयु के बाद ही विवाह करेंगे।

इसके पश्चात टीम द्वारा कालूखेड़ा लसूडिया में पहुंची, जहां बालिका के विवाह की तैयारी की जानकारी मिली थी।

मौके पर पहुंचे दल को बालिका के पिता ने बताया कि विवाह फिलहाल स्थगित कर दिया गया है और बालिका का विवाह 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद ही किया जाएगा। इस संबंध में मंदसौर जिले को भी सूचना भेजी गई है।


उक्त टीम में सेक्टर सुपरवाइजर प्रेरणा चौहान, भारती सोनी, पुलिस विभाग से मनीष दीक्षित, एएसआई एवं महिला कांस्टेबल उपस्थिति थी।

# हरन्या में अवैध प्लॉटिंग पर बड़ा एक्शन, करोड़ों की शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने का आदेश

**ब्यूरो देवीनाथ लोखंडे बैतूल**

**बैतूल/आमला।** ग्राम हरन्या की शासकीय भूमि पर अवैध प्लॉटिंग और अतिक्रमण के मामले में अब प्रशासनिक कार्रवाई तेज होती नजर आ रही है। नायब तहसीलदार बोरदेही, तहसील आमला द्वारा 23 अप्रैल को जारी आदेश में राजस्व अमले को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि 25 अप्रैल तक हर हाल में अतिक्रमण हटाकर कार्रवाई पूरी की जाए।

राजस्व प्रकरण क्रमांक 0025/अ-68 वर्ष 2025-26 में 17 अप्रैल को पारित बेदखली आदेश के पालन में यह निर्देश जारी किया गया है। आदेश में उल्लेख है कि मौजा हरन्या के खसरा नंबर 47/1/1 एवं 47/1/2 की शासकीय भूमि पर कमला पति हेमराज सहित 16 लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर मकान निर्माण किया गया है। न्यायालय ने इन सभी अतिक्रमणकारियों को बेदखल करने के आदेश पहले ही जारी कर दिए थे, लेकिन निर्धारित समय सीमा तक कब्जा नहीं हटाया गया। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए नायब तहसीलदार ने राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी सहित गठित दल को निर्देशित किया है कि 25 अप्रैल को मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें।



न्यायालय नायब तहसीलदार बोरदेही तहसील आमला जिला बैतूल
क्र./प्रवा./ना.तह./2026/ आमला दिनांक 23/04/2026

:- आदेश :-

प्रति,
श्री मो. अजहर खान राजस्व निरीक्षक मोरखा
श्री ताप्ती बारस्कर राजस्व निरीक्षक बोरदेही
श्री अमित राठौर हल्का पटवारी
श्री सुरेन्द्र महस्की पटवारी
श्री ऋषभ राठौर पटवारी
श्री अमित वर्मा पटवारी
श्री विकास राजपुत पटवारी
श्रीमति शालिनी माथनकर पटवारी
सुश्री राजेश्वरी सातनकर पटवारी

---000---

विषयः- ग्राम हरन्या की शासकीय भूमि से बेदखली के संबंध मे।

इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण कमांक 0025/अ-68 वर्ष 2025-26 मे पारित बेदखली आदेश दिनांक 17.04.2026 के पालन मे मौजा हरन्या के अतिकमणकर्ता कमला पति हेमराज एवं अन्य 16 के द्वारा मौजा हरन्या स्थित ख.न. 47/1/1, 47/1/2, शासकीय भूमि मे अनावेदकगणो मकान निर्माण कर भूमि पर अतिकमणकर्ताओ द्वारा अतिकमण किया गया। ख.न. 47/1/1, 47/1/2, मे अनावेदकगणो कमला पति हेमराज एवं अन्य अतिकमणकर्ताओ को बेदखल किये जाने के आदेश जारी किया है। उक्त आदेश के पालन मे आज दिनांक तक अतिकमको के द्वारा मौके से अपना कब्जा को नही हटाया गया है।

अतः उक्त गठित दल को आदेशित किया जाता हैं कि दिनांक 25.04.2026 को शासकीय भूमि पर से अनावेदक कमला पति हेमराज एवं अन्य अतिकमणकर्ताओ का अतिकमण हटाकर कार्यवाही कर पंचनामा प्रतिवेदन सहित के भीतर अनिवार्य रूप इस न्यायालय मे प्रस्तुत करे।

नायब तहसीलदार
वृत्त बोरदेही आमला
प्र.वा./ना.तह./2026 आमला दिनांक 23/04/2026
प्रतिलिपिः-
01- अनुविभागीय अधिकारी महोदय (राजस्व) आमला की ओर सूचनार्थ।
02- थाना प्रभारी बोरदेही की ओर आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराने कार्यवाही हेतू।
03- ग्राम पंचायत हरन्या की ओर आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराये जाने हेतू।

नायब तहसीलदार
वृत्त बोरदेही आमला

आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि कार्रवाई के बाद पंचनामा और विस्तृत प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से न्यायालय में प्रस्तुत किया जाए। इसके लिए राजस्व निरीक्षकों और पटवारियों की पूरी टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# तवा नदी का सीना छलनी, पहाड़ों के रास्ते बेखौफ दौड़ रहा अवैध रेत माफिया!

**ब्यूरो देवीनाथ लोखंडे बैतूल**

**बैतूल।** जिले के सारणी क्षेत्र में बोरी खुर्द में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का खेल अब खुलकर सामने आ रहा है। सारणी से ग्राम बोरी खुर्द के बीच पहाड़ी रास्तों पर रात-दिन ट्रैक्टर-ट्रालियों में रेत ढोई जा रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह रेत तवा नदी से बिना किसी रॉयल्टी और वैध अनुमति के निकाली जा रही है, और प्रशासनिक कार्रवाई के अभाव में यह अवैध कारोबार लगातार फल-फूल रहा है।

**पहाड़ों के रास्ते रेत की तस्करी**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि मुख्य सड़कों से बचने के लिए माफिया पहाड़ी और कच्चे रास्तों का इस्तेमाल कर रहे हैं, ताकि प्रशासन की नजर से बचा जा सके। देर रात और सुबह के समय ट्रैक्टर-ट्रालियों की आवाजाही सबसे ज्यादा देखी जा रही है, जिससे साफ है कि यह काम सुनियोजित तरीके से किया जा रहा है।

**बिना रॉयल्टी लाखों का खेल**

सूत्रों के अनुसार, हर दिन दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रालियां तवा नदी से रेत भरकर ब्लॉक अमला क्षेत्र तक पहुंचाई जा रही हैं। बिना रॉयल्टी के इस अवैध रेत कारोबार से सरकार को लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है, जबकि माफिया मोटी कमाई कर रहे हैं।

**जिम्मेदारों की चुप्पी पर सवाल**

ग्रामीणों का कहना है कि यह अवैध गतिविधि विगत कई वर्षों से लगातार जारी है, लेकिन न तो खनिज विभाग और न ही स्थानीय प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई की है। सवाल उठ रहा है कि आखिर किसके संरक्षण में यह अवैध कारोबार चल रहा है?

**पर्यावरण पर गंभीर खतरा**

विशेषज्ञों के मुताबिक, तवा नदी से इस तरह अंधाधुंध रेत निकालने से नदी की धारा प्रभावित हो रही है जलस्तर तेजी से गिर रहा है आसपास के खेतों और जैव विविधता पर भी खतरा बढ़ रहा है।

**ग्रामीणों में आक्रोश**

लगातार हो रहे इस अवैध खनन से स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध रेत परिवहन पर तुरंत रोक लगाई जाए दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो क्षेत्र में नियमित निगरानी बढ़ाई जाए।

**तवा नदी का सीना छलनी-पहाड़ों के रास्ते बेखौफ दौड़ रहा अवैध रेत माफिया**

बैतूल जिले के सारणी क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का खेल अब खुलकर सामने आ रहा है। सारणी से ग्राम बोरी खुर्द के बीच पहाड़ी रास्तों पर रात-दिन ट्रैक्टर-ट्रालियों में रेत ढोई जा रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह रेत तवा नदी से बिना किसी रॉयल्टी और वैध अनुमति के निकाली जा रही है, और प्रशासनिक कार्रवाई के अभाव में यह अवैध कारोबार लगातार फल-फूल रहा है।

**पहाड़ों के रास्ते रेत की तस्करी**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि मुख्य सड़कों से बचने के लिए माफिया पहाड़ी और कच्चे रास्तों का इस्तेमाल कर रहे हैं, ताकि प्रशासन की नजर से बचा जा सके। देर रात और सुबह के समय ट्रैक्टर-ट्रालियों की आवाजाही सबसे ज्यादा देखी जा रही है, जिससे साफ है कि यह काम सुनियोजित तरीके से किया जा रहा है।

**बिना रॉयल्टी लाखों का खेल**

सूत्रों के अनुसार, हर दिन दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रालियां तवा नदी से रेत भरकर ब्लॉक आमला क्षेत्र तक पहुंचाई जा रही हैं। बिना रॉयल्टी के इस अवैध रेत कारोबार से सरकार को लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है, जबकि माफिया मोटी कमाई कर रहे हैं।

**जिम्मेदारों की चुप्पी पर सवाल**

ग्रामीणों का कहना है कि यह अवैध गतिविधि विगत कई वर्षों से लगातार जारी है, लेकिन न तो खनिज विभाग और न ही स्थानीय प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई की है। सवाल उठ रहा है कि आखिर किसके संरक्षण में यह अवैध कारोबार चल रहा है?

**पर्यावरण पर गंभीर खतरा**

विशेषज्ञों के मुताबिक, तवा नदी से इस तरह अंधाधुंध रेत निकालने से नदी की धारा प्रभावित हो रही है जलस्तर तेजी से गिर रहा है आसपास के खेतों और जैव विविधता पर भी खतरा बढ़ रहा है।

**ग्रामीणों में आक्रोश**





लगातार हो रहे इस अवैध खनन से स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध रेत परिवहन पर तुरंत रोक लगाई जाए दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो क्षेत्र में नियमित निगरानी बढ़ाई जाए।

**बड़ा सवाल**

क्या प्रशासन इस रेत माफिया पर लगाम लगाएगा या यूं ही तवा नदी का दोहन जारी रहेगा? यह मामला अब केवल अवैध खनन का नहीं, बल्कि प्रशासनिक निष्क्रियता और पर्यावरणीय संकट का बनता जा रहा है।

अगर समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो इसके गंभीर परिणाम पूरे क्षेत्र को भुगतने पड़ सकते हैं।

क्या प्रशासन इस रेत माफिया पर लगाम लगाएगा या यूं ही तवा नदी का दोहन जारी रहेगा? यह मामला अब केवल अवैध खनन का नहीं, बल्कि प्रशासनिक निष्क्रियता और पर्यावरणीय संकट का बनता जा रहा है। अगर समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो इसके गंभीर परिणाम पूरे क्षेत्र को भुगतने पड़ सकते हैं।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नरसिंहगढ़ में वृक्षारोपण व स्वच्छता अभियान

**दमोह। जिले के नरसिंहगढ़ क्षेत्र में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत विभिन्न पर्यावरणीय गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सागर के क्षेत्रीय अधिकारी अरविंद सावले के सानिध्य एवं माइसेम सीमेंट प्लांट प्रमुख सुरेश दुबे के मार्गदर्शन में किया गया।**

कार्यक्रम की शुरुआत सघन वृक्षारोपण अभियान से हुई, जिसमें फैक्ट्री के 100 से अधिक युवा एवं स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद सोनार नदी के घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया, जहां से करीब 20 बोरियों में पॉलिथीन व अन्य अपशिष्ट एकत्र कर सुरक्षित रूप से निस्तारित किया गया।

इस अवसर पर पर्यावरण प्रमुख अशोक तिवारी ने ग्रामीणों को प्लास्टिक प्रदूषण रोकने की शपथ दिलाई और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। वहीं प्रशासनिक अधिकारी विकास कुमार व आलोक तिवारी की टीम ने गांवों में चौपाल लगाकर जन-जागरूकता अभियान भी





चलाया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे, युवा व बुजुर्ग शामिल हुए।

कार्यक्रम के तहत बच्चों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विजेताओं को सुहाव गांव के सरपंच लक्ष्मण सिंह ठाकुर द्वारा पुरस्कृत किया गया।

उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 प्रदेश में 19 मार्च से 30 जून तक चलने वाला 100 दिवसीय अभियान है, जिसका उद्देश्य जल स्रोतों का संरक्षण, चेक डैमों का पुनरुद्धार और वृक्षारोपण को बढ़ावा देना है।

माइसेम सीमेंट द्वारा जल संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों से स्थानीय किसानों को द्वि-फसल सिंचाई का लाभ मिल रहा है, जिससे क्षेत्र में सकारात्मक माहौल देखने को मिल रहा है।

**// नाम परिवर्तन सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरा नाम पूर्व में फातेमा पति हुसैनी था, जो अब परिवर्तित होकर फातेमा मर्चेन्ट पति हुसैन मर्चेन्ट हो गया है व मेरे पति का नाम हुसैन मर्चेन्ट हो गया है। अतः अब भविष्य में मुझे मेरे नये नाम फातेमा मर्चेन्ट पति हुसैन मर्चेन्ट से जाना एवं पहचाना जावें।

पता-1, बोहरा बाखल मार्ग नं. 3, अलीराजपुर, जिला अलीराजपुर (म.प्र.)-457887

**// नाम परिवर्तन सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरा नाम पूर्व में हुसैनी पिता युसुफ अली था, जो अब परिवर्तित होकर हुसैन मर्चेन्ट पिता युसुफ अली हो गया है व मेरी पत्नी का नाम फातेमा मर्चेन्ट हो गया है। अतः अब भविष्य में मुझे मेरे नये नाम हुसैन मर्चेन्ट पिता युसुफ अली से जाना एवं पहचाना जावें।

पता-1, बोहरा बाखल मार्ग नं. 3, अलीराजपुर, जिला अलीराजपुर (म.प्र.)- 457887

**म.प्र. जन अभियान परिषद्, जिला रतलाम**

कोर्ट चौराहा, रतलाम 457001

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

क्रं./244/ज.अ.प./लेखा/202 रतलाम, दिनांक 24/04 /2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय को वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु एक वाहन दैनिक/मासिक किराया आधार पर आवश्यकता है। वाहन टियागो/टिगोर/स्विफ्ट डिजायर/बलेनो/बोलेरो आदि श्रेणी का होना चाहिए। वाहन क्षेत्र भ्रमण के दौरान दुर्गम ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण हेतु उपयोगी हो। वाहन टैक्सी परमिट हो तथा फर्म/संस्था/प्रोप्रायटर/कंपनी के नाम जीएसटी तथा पेन नंबर होना आवश्यक है।

उपरोक्तानुसार प्रति दिवस/प्रतिमाह हेतु प्रस्तुत दरों में औसत डीजल खपत, पीओएल, ड्रायवर, मरमत तथा समस्त कर सहित अन्य व्ययों को सम्मिलित करते हुए प्रस्तुत कि जावें।

इच्छुक फर्म/संस्था/प्रोप्रायटर/कंपनी से दरें आमंत्रित की जाती हैं। दरें मोहरबंद लिफाफे में पूर्ण विवरण सहित दिनांक 30/04/2026 समय दोपहर 03.00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकेगी। समय सीमा के उपरांत प्राप्त दरों पर विचार नहीं किया जावेगा। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा सूचनाओं को पढ़ा जा सकता है। निविदा चयन/निरस्त करने के समस्त अधिकार क्रय समिति को होंगे।

जिला समन्वयक, म.प्र. जन अभियान परिषद्

जिला-रतलाम (म.प्र.)

'जल गंगा संवर्धन अभियान से जुड़े'

प्रकाशक, मुद्रक धवन माहेश्वरी, मालिक गजेन्द्र माहेश्वरी द्वारा उदयरत्न ऑफसेट,10/2, दारू गोडाउन के आगे, आगर रोड़, उज्जैन (मध्यप्रदेश) से मुद्रित, 190, विधापति नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित

संपादकःशानू माहेश्वरी, ( 9754776006, 7974826006, 8643056464,9575154444) समाचार पत्र में प्रकाशित प्रत्येक समाचार के लिए प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों के निपटारे हेतु न्यायालय क्षेत्र उज्जैन ही रहेगा । समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एट के तहत जिमेदार। कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)।